an>

Title: Need to introduce ESIC facility for the workers employed in Maharashtra Industrial Development Corporation in Ramtek Parliamentary Constituency of Maharashtra.

**श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) :** अध्यक्ष महोदया, केन्द्र सरकार के द्वारा कामगारों के हित के लिए ई.एस.आई.सी. स्कीम के द्वारा अस्पताल चलाए जाते हैं। मेरे रामटेक लोक सभा मतदान संघ में ऊटीगोरी फाइव स्टार एम.आई.डी.सी. है और उसके बगल में हिंगा एम.आई.डी.सी. है। इन दो एम.आई.डी.सी. में 70 हज़ार कामगारों के काम करने के बावजूद भी वहाँ पर किसी अस्पताल की व्यवस्था अभी तक नहीं है। वहां पर एक छोटी डिस्पेंसरी है, जो केवल दो घण्टे चालू रहती है। वहां दवाई की भी कोई व्यवस्था नहीं होती है, जिसके कारण कामगारों की तबियत के रख-रखाव के मामले में काफी हलगर्जी होती है। इससे अभी तक बहुत से कामगारों का इलाज के अभाव में देहान्त हो चुका है। मैं आपके द्वारा सरकार से विनती करना चाहता हूं कि इतनी बड़ी एम.आई.डी.सी. होने के बावजूद भी सरकार ने वहां पर अभी तक अस्पताल की व्यवस्था नहीं की है तो बुटीबोरी के 60-70 हजार कामगारों के स्वास्थ्य का विचार करते हुए बुटीबोरी की एम.आई.डी.सी. में सरकार एक फाइव स्टार अस्पताल की व्यवस्था करे, यही मेरी आपके द्वारा सरकार से विनती है।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री अरविंद सावंत,

श्री श्रीरंग आप्पा बारण,

डॉ. मनोज राजोरिया,

डॉ. किरिट पी. सोलंकी और

श्री राहुल शेवाले को श्री कृपाल बालाजी तुमाने के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति दी जाती है।